# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 07 अप्रेल।** देश में बढ़ती मंहगाई तथा पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाये जा रहे मंहगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित सिविल लाईन्स फाटक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना दिया जाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

धरने को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि देश में बढ़ती मंहगाई के लिये केन्द्र की भाजपा सरकार जिम्मेदार है जबकि मंहगाई कम करने का वादा कर भाजपा केन्द्र की सत्ता में आई थी। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के शासन में भाजपा ने मंहगाई के खिलाफ अभियान चलाया जिसमें बाबा रामदेव व अन्ना हजारे जैसे नेताओं ने भाजपा का समर्थन कर कांग्रेस को कोसते हुए कहते थे कि श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर डीजल 35 रूपये प्रति लीटर में तथा पेट्रोल 50 रूपये प्रति लीटर में उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता सीमेंट, लोहा, कपड़ा एवं खाद्य सामग्री को सस्ता करने की बात करते थे जबकि भाजपा शासन में इसके उलट सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस से 70 साल के शासन का हिसाब मांगते थे किन्तु अपने शासनकाल का हिसाब जनता के समक्ष पेश नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना के शौर्य के पीछे छिपकर पुनः सत्ता में आ गये तथा जनता के मुद्दों से मोदी सरकार ने मुंह मोड़ लिया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दूर करने, किसानों की आय दुगुनी करने, मंहगाई कम करने तथा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के मुद्दे भाजपा ने भुला दिये हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार को मंहगाई के नाम पर बदनाम करने का अभियान भाजपा ने चलाया, किन्तु केन्द्र में भाजपा सरकार बनने के पश्चात् भाजपा नेताओं ने जनता के हितों पर कुठाराघात करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने शासन में किसानों को खून के आंसू रूलाया, किसानों की आमदनी दुगुनी करने की बजाए कृषकों की आमदनी को आधा कर दिया तथा मंहगाई को 10 गुना तक बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिये आवश्यक खाद् का कट्टा जो 1200 रूपये में उपलब्ध होता था, अभी हाल ही में 1350 रूपये का हो गया है। उन्होंने कहा कि देश में एक

2..........

Created by Universal Document Converter

करोड़ बीस लाख टन डीएपी खाद् की खरीद होती है उस हिसाब से 62 करोड़ किसानों पर 3600 करोड़ रूपये का अतिरिक्त भार डालने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिन में पेट्रोल-डीजल के दाम 13 बार बढ़ाये गये जबकि पांच राज्यों के चुनावों के दौरान मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखे तथा चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल-डीजल, रसाई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर दी है।

श्री डोटासरा ने कहा कि यूपीए शासन में पेट्रोल 71 रूपये तथा डीजल 55 रूपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध था, किन्तु एनडीए शासन में पेट्रोल दिल्ली में 105 रूपये तथा डीजल 95 रूपये प्रति लीटर की दर पर पहुँच गया है। उन्होंने कहा कि यूपीए शासन में डीजल पर 3.46 रूपये की एक्साईज लगती थी जो बढ़कर 18.34 रूपये हो गई है। इसी प्रकार पेट्रोल पर लगने वाली एक्साईज 9.2 रूपये से बढ़कर 18 रूपये से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने पेट्रोल एवं डीजल पर एक्साईज ड्यूटी में कई गुना बढ़ोत्तरी कर जनता को मंहगाई के बोझ तले दबाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि लोहा, सीमेंट के दाम दुगुने हो गये हैं, गरीब अपने लिये छत का इंतजाम करने से वंचित हो रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल के दाम भी 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ गये हैं तथा आम आदमी की थाली से खाद्यान्न दूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती मंहगाई से देश का हर नागरिक पीड़ित है तथा इस परिस्थिति में मंहगाई के विरूद्ध केन्द्र सरकार के खिलाफ अगर कोई विरोध कर रहा है तो केवल कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी, कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी एवं कांग्रेस पार्टी कर रही है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रीय दलों ने भाजपा के साथ गठजोड़ कर लिया है अथवा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईडी, आईटी, सीबीआई के दुरूपयोग से डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन विषम परिस्थितियों में जनता को राहत दिलाने के लिये कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है क्योंकि ईडी, आईटी, सीबीआई का दुरूपयोग कर मोदी सरकार जनता की आवाज दबाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के विरूद्ध आवाज उठाने वाले नेताओं के विरूद्ध तथा जिन प्रदेशों में चुनाव सम्पन्न होते हैं उन प्रदेशों में विरोधी नेताओं को भयभीत करने के लिये केन्द्र की भाजपा सरकार ईडी, आईटी का दुरूपयोग करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा धन-बल तथा सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग चुनाव जीतने के लिये करती है इसलिये भाजपा का जनता के हितों से जुड़े मुद्दों से सरोकार समाप्त हो गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रदेश में राजस्थान भाजपा



Created by Universal Document Converter

ने कांग्रेस सरकार के विरूद्ध जितने धरने दिये उससे कहीं अधिक धरना-प्रदर्शन कांग्रेस ने केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के विरूद्ध किये हैं जो इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के साथ खड़ी रहती है तथा जहॉं आवश्यकता होती है, जनता के हितों के लिये संघर्ष करने से पीछे नहीं हटती है।

उन्होंने कहा कि वक्त आ गया है कि केन्द्र सरकार को जतलाया जाये कि सरकार जनता के हितों के लिये बनती है ना कि चुनिन्दा उद्योगपतियों के हितों की रक्षा करने हेतु बनती है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस पार्टी द्वारा मंहगाई के मुद्दे पर अभियान चलाया जा रहा है तथा कांग्रेस कार्यकर्ता गॉंव-गॉंव, ढाणी-ढाणी जाकर मंहगाई के मुद्दे पर लोगों को जागृत कर केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से अवगत करायेंगे एवं केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे अन्याय की जानकारी प्रदान कर श्री राहुल गॉंधी द्वारा जनता को केन्द्र से न्याय दिलाने हेतु किये जा रहे संघर्ष से अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा जतना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सुख-दुख में खड़े मिलते हैं तथा उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुॅंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को केन्द्र सरकार तक पहुॅंचाने के लिये और अधिक आक्रमकता के साथ अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 25 में से 25 सांसद भाजपा के जीतने के बावजूद भाजपा की केन्द्र सरकार ने आज तक राजस्थान के लिये ना तो कोई योजना प्रदान की है और ना ही किसी प्रकार की सहायता केन्द्र सरकार से मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान से जुड़े सांसदों की बैठक लेकर ना तो राजस्थानवासियों की किसी समस्या को सुना और ना ही मंहगाई पर बात की, किन्तु राजस्थान सरकार के विरूद्ध अनर्गल प्रचार करने की हिदायत दी है जो दर्शाता है कि मंहगाई जैसे मुद्दे पर संवेदनशीलता से विचार करने की नैतिकता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी में नहीं है। उन्होंने कहा कि मंहगाई के कारण उत्पन्न हुई विषम परिस्थितियों में आश्चर्य का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भगवा टोपी पहनकर कहते हैं कि इस टोपी को पहनने से देश की मंहगाई, बेरोजगारी दूर होने के साथ ही विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता साम्प्रदायिकता की बात कर समाज को बांटने का कार्य करते हैं, भाई से भाई को लड़ाने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञात होना चाहिये कि आज देश के समक्ष महत्वपूर्ण मुद्दा टोपी किस रंग की पहनी जाये नहीं है बल्कि वास्तविक मुद्दा यह

2...........

Created by Universal Document Converter

है कि देश का आम आदमी भूख व बेरोजगारी से त्रस्त है, दो वक्त की रोटी अर्जित करने तथा अपने परिवार का पालन-पोषण करने में कठिनाई का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के युवा बेरोजगारी से परेशान है, रेलवे, सेना, बैंक तथा केन्द्र सरकार के विभाग नई भर्ती नहीं कर रहे हैं।

श्री डोटासरा ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार जनता को दवाईयां फ्री में देकर सहायता प्रदान कर रही है जबकि केन्द्र की मोदी सरकार ने 1 अप्रेल से 800 दवाओं पर 10.76 प्रतिशत कर बढ़ाकर आम जनता पर 10076 करोड़ का भार डालकर मंहगाई बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने चिरंजीवी योजना लागू कर लोगों को 10 लाख रूपये तक मुफ्त ईलाज की सुविधा प्रदान की है जबकि केन्द्र सरकार चिकित्सा खर्च में बढ़ोत्तरी कर रही है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता की वस्तुयें आम आदमी की पहुँच से बाहर हो गई है इसलिये वर्तमान परिस्थितियों में जनता के हितों के लिये संघर्ष करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की है। उन्होंने कहा कि मंहगाई तथा बेरोजगारी के मुद्दे पर मुखर होकर संघर्ष करने का समय है तथा कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पूरी ताकत जनता की आवाज बन मोदी सरकार के विरूद्ध अभियान चलाकर वर्ष 2023 में राजस्थान में पुनः कांग्रेस सरकार बनाने तथा 2024 में केन्द्र से भाजपा की विदाई में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि धरने को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री सचिन पायलट, राज्य सरकार के मंत्री श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, श्रीमती ममता भूपेश, श्री भजनलाल जाटव, डॉ. सुभाष गर्ग सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने सम्बोधित किया। धरने में राज्य सरकार के मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, जिलाध्यक्षगण, निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, बोर्ड/निगम के चेयरमेन, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रवक्ता श्री आर. सी. चौधरी ने किया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter